ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 09-03-2021

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-03-09 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-03-10	2021-03-11	2021-03-12	2021-03-13	2021-03-14
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	35.0	36.0	36.0	37.0
न्यूनतम तापमान(से.)	18.0	18.0	19.0	19.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	31	43	43	28
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	12	11	12	15	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9.0	9.0	13.0	9.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	184	236	227	109	95
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	0	0	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी दिनों में आंशिक बादल छायें रहने तथा वर्षा नहीं होने की सम्भावना। अधिकतम तापमान 35.0 से 37.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 18.0 से 20.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

कुष्माण्ड कुल की सब्जियों में लाल भृंग कीट अंकुरित एंव नई पत्तियों खाकर छलनी कर देता। कीट का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु कार्बोरिल 5 प्रतिशत चूर्ण की 20 किलो ग्राम मात्रा का प्रति हैक्टेयर की दर से भुरकाव करें।

लघु संदेश सलाहकार:

गर्मी में हरे चारे की उपलब्धता को बढाने के लिए ज्वार एंव बाजरा की बुवाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
जीरा	इस समय जीरे की फसल पकाव की अवस्था पर है फसल की कटाई करें तथा सुरक्षित स्थान पर रखें।
गेहूँ	किसान भाई गेहूं की 110 दिन की फसल में प्रारम्भिक डफ अवस्था पर सिंचाई अवश्य करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च की तैयार पौध की रोपाई करें। रोपाई से पूर्व खेत में 35 कि.ग्रा. नत्रजन, 48 कि.ग्रा. फास्फोरस व 50 कि.ग्रा. पोटास प्रति हैक्टेयर की दर से अन्तिम जुताई के समय दें। कतार से कतार की दूरी 60 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 30 से.मी. रखें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं में इस महीने में खुरपका एवं मुंहपका रोग के टीके आवश्यक रूप से लगवाएं ताकि आने वाले समय में रोग से पशुओं का बचाव हो सकें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	जौ और गेहूं की फसल में दीमक की रोकथाम हेतु क्लोरोपायरीफॉस 20 ई.सी. 4 लीटर प्रति हेक्टयर सिचांई के साथ दें।